देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। जनप्रतिनिधियों से किया दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मण्डपम में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन–2025 का उद्‌घाटन किया।
- केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सरल बनाने के लिए रोपवे परियोजना का अलाइनमेंट सर्वे जल्द शुरू किया जाएगा।
- राज्य स्थापना रजत जयंती के उपलक्ष्य में हरिद्वार के नमामि गंगे घाट पर योग अभ्यास सत्र का आयोजन।

राष्ट्रपति / विधानसभा सत्र

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज देहरादून स्थित राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। उन्होंने राज्य के सभी निवासियों और विधायकों को बधाई देते हुए उत्तराखंड की 25 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले पच्चीस सालों में राज्य ने पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने, वंचित वर्गों और युवाओं के सशक्तीकरण पर ध्यान देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में ''उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन–2025'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन, भारत की नवाचार यात्रा को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने कल शाम श्रीहरिकोटा से भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। भारतीय नौसेना के लिए अब तक का सबसे उन्नत संचार उपग्रह, जिसे एलवीएम3–एम5 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया गया, आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। इसके बाद, इसरो ने उपग्रह को सफलतापूर्वक अलग कर भू–समकालिक स्थानांतरण कक्षा में स्थापित कर दिया। सीएमएस–03 भारतीय नौसेना के अंतरिक्ष–आधारित संचार और समुद्री क्षेत्र की निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेगा।

रोपवे रुद्रप्रयाग

केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सरल बनाने के लिए रोपवे परियोजना का कार्य प्रगति पर है। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सर्वे और टेंडर प्रक्रिया के बाद अब अलाइनमेंट सर्वे का कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें करीब दो महीने का समय लगेगा, जिसके बाद रोपवे निर्माण का फाइनल बजट तैयार किया जायेगा।

लगभग 13 किलोमीटर लंबे इस रोपवे का निर्माण दो चरणों में किया जाना है। पहले चरण में गौरीकुंड से केदारनाथ तक करीब 9 दशमलव सात किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण होगा, जबकि दूसरे चरण में सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक 3 दशमलव तीन किलोमीटर लंबा रोपवे बनाया जाएगा। इस परियोजना की जिम्मेदारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड को सौंपी है। बीते दो वर्षों में एजेंसियों ने प्रशासन और वन विभाग के सहयोग से हवाई और भूमिगत सर्वेक्षण सहित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। इसके लिए कुल 26 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ की यात्रा केवल 30 मिनट में पूरी की जा सकेगी।

योगाभ्यास विशेष सत्र

उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती के उपलक्ष्य में हरिद्वार के नमामि गंगे घाट पर भव्य योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित योग अभ्यास सत्र में लगभग 250 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने बताया कि आयुष विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रतिदिन योग सत्रों का आयोजन किया

जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़े पैमाने पर लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर बहादराबाद, भगवानपुर, नारसन, भगवानपुर, रुड़की और खानपुर सहित सभी ब्लॉकों में योगाभ्यास का आयोजन हुआ।

## जीएसटी उत्सव

जीएसटी उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित जीएसटी दरों से देश भर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसे 22 सितंबर को शुरू किया था। इस श्रृंखला में आज बात करते हैं कृषि क्षेत्र में नई जीएसटी दरें किसानों के लिए कैसे मददगार साबित हो रही हैं।